(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण और औचित्य क्या है;

(ग) क्या योजना परिव्यय को कम कर दिए जाने के कारण गुजरात, महाराष्ट्र मध्य प्रदेश तथा राजस्थान जैसे राज्य अत्यधिक प्रभावित होंगे; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

विद्युत मंत्री (श्री पी॰आर॰ कुमारमंगलम): (क) से (घ) ग्राम विद्युतीकरण स्कीमों के अंतगर्त परिव्यय वर्ष 1998-99 के लिए 1250 करोड़ रु॰ है जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 1997-98 और 1996-97 में क्रमशः 775 करोड़ रु॰ और 783 करोड़ रु॰ की तुलना में अधिक है। परिव्यय में कोई कटौती नहीं की गई है।

विद्युत क्षेत्र में गैर-सरकारी प्रवर्तकों के प्रस्ताव

1058. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने के संबंध में गैर-सरकारी प्रवर्तकों से आज तक कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) इन परियोजनाओं की कुल अधिष्ठापित विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी होगी और उनके लिए कितनी धनराशि का निवेश करने का प्रस्ताव है;

(ग) इन प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा तथा वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए सरकार ने क्या-क्या कदम उठाए हैं?

विद्युत मंत्री (श्री पी॰ आर॰ कुमारमंगलम): (क) से (घ) आज तक की स्थितिनुसार निजी क्षेत्र में विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु 62 प्रस्ताव तकनीकी आर्थिकी स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में प्राप्त हुई है। इनमें से 48 परियोजनाओं को जिनकी कुल क्षमता 22631.7 मे॰वा॰ है और जिनमें 91846.428 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय शामिल है, तकनीकी आर्थिक स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है। 6782.9 मे॰वा॰ कुल क्षमता की 14 परियोजनाओं पर तकनीकी आर्थिक मूल्यांकन हेतु कार्रवाई परियोजना प्रवर्तकों द्वारा लम्बित निवेश/स्वीकृतियां सुनिश्चित करने के बाद ही आरम्भ की जा सकती है सरकार इन परियोजनाओं की प्रगति की समय-समय पर मानीटरिंग करती रही है और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान कर रही है।

Conversion of State Highways into National Highways in Tamil Nadu

1059. SHRI V. P. DURAISAMY: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) the details of State Highways which are proposed to be converted as National Highways in Tamil Nadu during the year 1998-99; and

(b) the funds allotted for this purpose?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (DR. DEBENDRA PRADHAN): (a) A statement giving details is annexed. (*see* below)

(b) So far no fund has been allotted for this purpose.

Statement

Sl. No.	Name of the Roads	Length in Kms.
1.	Trichy-Viralimalai-Truvaankurichy-Melur-Madurai-Aruppukkattai-Tuticorin.	257
2.	(Peleru-Tirupati-Nageri) Renugonda-Tiruthani-Chennai	82
3.	Bangalore ring road-Hosur (on NH-7) Bangalore-Surjapur-Chiktirupathi-Devanhalli-Dodballapur-Neelmangla (on NH-4)	20
4.	Karur to Coimbatore	140
5.	Coimbatore-Annur-Satyamanglam-Thimbam-Kollegal-Kanakura-Bangalore (Link between NH-47 & NH-7)	126
6.	Nagapattinam-Chidabaram (Pondichery)	130
7.	Dindigul-Palani-Pollachi-Coimbatore	160
8.	Trichy-Pudukottai-Karaikudi-Devakottai-Ramanathapuram (Ramnad)	160
9.	(Kollam) Tenkasi-Rajapalayam-Srivilliputtur-Thirumangalam	125
	TOTAL:	1200